राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकःएफ7(4)विविध / अकाद / आकाशि / 2022 / 00787 / पार्ट

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः—**हिन्दी सेवा पुरस्कार के क्रम में।**
संदर्भः—भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर का पत्रांक प. 25 (2) भापुवि / शै.प्र / हिन्दी सेवा पुरस्कार / 24 / 6224 दिनांक 09.07.2024 ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा 14 सितम्बर, 2024 को हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर हिन्दी भाषा में लिखित विभिन्न विषयों— हिन्दी साहित्य (कथा), हिन्दी साहित्य (कथेतर), विज्ञान, तकनीकी एवं अभियांत्रिकी, वाणिज्य, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र (प्रेरणात्मक पुस्तकें), कृषि, उद्यान, वानिकी एवं प्रसार, संविधान एवं विधि, जनसंचार, पत्रकारिता एवं सिनेमा, चिकित्सा विज्ञान (भारतीय चिकित्सा पद्वति सहित), कला, संस्कृति एवं पर्यटन, दर्शन, योग एवं अध्यात्म की श्रेष्ठ पुस्तकों को हिन्दी सेवा पुरस्कार स्वरूप पुरस्कृत किया जाना है।

उक्त विषयों से संबंधित इच्छुक लेखक इसके लिए आवेदन कर सकते है एवं आवेदन करने की अन्तिम तिथि **30 जुलाई, 2024** है।

संलग्नः— उपर्युक्तानुसार।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, आयुक्त,कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. उपनिदेशक, भाषा एवं पुरस्कालय विभाग, राजस्थान, जयपुर को उनके पत्रांक प. 25 (2) भापुवि / शै. प्र / हिन्दी सेवा पुरस्कार / 24 / 6224 दिनांक 09.07.2024 के क्रम में।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

RajKaj Ref
9035267

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2024.07.18 1?:15:16 IST
Reason: Approved

Sh. Bhagchand
मेहेन्द्र 09/7/24

Sh. Mahendra ji
09/07/24

राजस्थान सरकार
# भाषा एवं पुस्तकालय विभाग
डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल,ब्लॉक नं. 8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राजस्थान)–302015

क्रमांक: पं.25(2)भापुवि/शै.प्र./हिन्दी सेवा पुरस्कार/24/ 6224 जयपुर, दिनांक 9/7/24

राजस्थान सरकार
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा
राज. जयपुर-302015
क्रमांक 435
दिनांक 9/7/24

**संयुक्त निदेशक,**
**आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा,**
**शिक्षा संकुल, जयपुर (राजस्थान)**

विषय :– हिन्दी सेवा पुरस्कार के प्रसार के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर हिन्दी लेखन का कार्य करने वाले लेखकों को हिन्दी में उत्कृष्ट लेखन को प्रोत्साहन दिये जाने हेतु हिन्दी सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। हिन्दी सेवा पुरस्कार के लिए निम्नलिखित विषयों में हिन्दी भाषा में पुस्तक लिखने वाले लेखकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

1. हिन्दी साहित्य (कथा)
2. हिन्दी साहित्य (कथेतर)
3. विज्ञान, तकनीकी एवं अभियांत्रिकी
4. वाणिज्य, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र (प्रेरणात्मक पुस्तकें)
5. कृषि, उद्यान, वानिकी एवं प्रसार,
6. संविधान एवं विधि
7. जनसंचार, पत्रकारिता एवं सिनेमा
8. चिकित्सा विज्ञान(भारतीय चिकित्सा पद्धति सहित)
9. कला, संस्कृति एवं पर्यटन
10. दर्शन, योग एवं अध्यात्म

इस हेतु सूचना जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से राज्यस्तरीय दैनिक समाचार पत्रों में विभाग द्वारा एक विज्ञप्ति का प्रकाशन भी कराया जा रहा है।

अतः उक्त विज्ञप्ति संलग्न कर आग्रह है कि आप अपने अधीनस्थ महाविद्यालयों में इसका प्रसार कराने में सहयोग करें ताकि पुरस्कार हेतु श्रेष्ठ कृतियॉ विभाग को प्राप्त हो सकें।

संलग्न – उपर्युक्तानुसार।

(डॉ. रेणुका राठौड़)
उपनिदेशक(अनुवाद)

Signature valid
Digitally signed by Renuka Rathore
Designation : Lecturer
Date: 2024.07.09 1?:49:53 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref
8775654

राजस्थान सरकार

# भाषा एवं पुस्तकालय विभाग

डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल ब्लाक नं. 8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राजस्थान)–302015


राजस्थान सरकार

भाषा एवं पुस्तकालय विभाग


डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल ब्लॉक नं. 8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) – 302015

दूरभाष नं. 0141–2703387

## विज्ञप्ति

### हिन्दी सेवा पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा हिन्दी सेवा पुरस्कार के चयन हेतु निम्न विषयों में हिन्दी में पुस्तक लिखने वाले लेखकों के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

1. हिन्दी साहित्य (कथा)
2. हिन्दी साहित्य (कथेतर)
3. विज्ञान, तकनीकी एवं अभियांत्रिकी
4. वाणिज्य, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र (प्रेरणात्मक पुस्तकें)
5. कृषि, उद्यान, वानिकी एवं प्रसार,
6. संविधान एवं विधि
7. जनसंचार, पत्रकारिता एवं सिनेमा
8. चिकित्सा विज्ञान(भारतीय चिकित्सा पद्धति सहित)
9. कला, संस्कृति एवं पर्यटन
10. दर्शन, योग एवं अध्यात्म

उक्त विषयों में हिन्दी भाषा में पुस्तक लिखने वाले हिन्दी सेवा पुरस्कार के लिए इच्छुक लेखक विभागीय **URL Code-https://department.rajasthan.gov.in/home/dptHome/217** से आवेदन का प्रारूप, नियम एवं शर्तें डाउनलोड कर सकते हैं।

**आवेदन करने की अंतिम तिथि – 30 जुलाई,2024**

**(डॉ. रेणुका राठौड़)**
उपनिदेशक (अनुवाद)

Signature valid
Digitally signed by Renuka Ratho
Designation : Lecture
Date: 2024.07.09 1 :49:54 IST
Reason: Approved
RajKaj Ref
8775408




पता :– डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जवाहर ... जयपुर
दूरभाष नम्बर – 0141–2703387 (फै...
ई–मेल आई. डी. directorlibraries...

राजस्थान सरकार

# भाषा एवं पुस्तकालय विभाग

डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल ब्लाक नं. 8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राजस्थान)–302015

## हिन्दी सेवा पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र

नवीनतम हस्ताक्षरित फोटो

1. आवेदक का नाम –
2. पिता/पति का नाम –
3. स्थाई पता –
4. संलग्न फोटो युक्त पहचान पत्र का विवरण –
5. विषय जिसमें आवेदन किया है –
6. प्रस्तुत पुस्तक का नाम व प्रकाशन वर्ष –
7. प्रकाशक का नाम व पता –
8. पुस्तक का आई.एस.बी.एन. नं. –
9. मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति –

### घोषणा

मैं श्री/श्रीमती/कु. ..................................यह शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने हिन्दी सेवा पुरस्कार हेतु जारी निर्देश पूर्ण रूप से पढ़ लिये हैं एवं मैं इन निर्देशों, नियमों व शर्तो की पूर्ति करता/करती हूँ। यदि मेरे द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही जानकारी मिथ्या पाई जावे या नियमानुसार नहीं पाई जावे तो मेरा आवेदन विभाग द्वारा निरस्त किये जाने पर मुझे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत कृति (पुस्तक) मेरा मौलिक लेखन है। पुस्तक की एक प्रति मेरे आवेदन के साथ संलग्न है।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**संलग्न :– पुस्तक शीर्षक .........................**



E:\saurabh2015

पता :– डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर
दूरभाष नम्बर – 0141–2703387 (फैक्स), 2703390
ई–मेल आई. डी. directorlibraries@gmail.com

राजस्थान सरकार

# भाषा एवं पुस्तकालय विभाग

डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल ब्लाक नं. 8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राजस्थान)–302015

## आवेदन हेतु नियम एवं शर्ते –

### पुरस्कार हेतु पात्रता –

1. लेखक राजस्थान का निवासी हो।
2. लेखक की आयु सीमा का कोई प्रतिबन्ध नहीं है।
3. प्रस्तुत कृति पुस्तक स्वरूप में होनी चाहिए।
4. प्रस्तुत कृति मौलिक लेखन हो। अन्य भाषा से अनूदित रचनाएं विचारणीय नहीं होंगी।
5. प्रस्तुत कृति पूर्व में राज्य स्तर, समकक्ष स्तर अथवा उच्च स्तर पर पुरस्कृत नहीं होनी चाहिए।
6. संबंधित विषय के अनुभवी व्यक्तियों की स्तरीय कृतियों पर ही विचार किया जायेगा।
7. पुरस्कार हेतु प्रस्तुत कृतियां/पुस्तकें शोध ग्रन्थ (पी.एच.डी.,एम.फिल.ब्रोशर आदि) एवं ट्रेनिंग मैन्यूअल नहीं होनी चाहिए।
8. पुरस्कार हेतु प्रस्तुत कृतियां/पुस्तकें कम से कम 100 पृष्ठ की हों।
9. एक लेखक एक समय में एक ही विषय (1. हिन्दी साहित्य (कथा), 2. हिन्दी साहित्य (कथेतर), 3. विज्ञान, तकनीकी एवं अभियांत्रिकी, 4. वाणिज्य, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र (प्रेरणात्मक पुस्तकें), 5. कृषि, उद्यान, वानिकी एवं प्रसार, 6. संविधान एवं विधि, 7. जनसंचार, पत्रकारिता एवं सिनेमा, 8. चिकित्सा विज्ञान (भारतीय चिकित्सा पद्धति सहित), 9. कला, संस्कृति एवं पर्यटन, 10. दर्शन, योग एवं अध्यात्म) में पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकता है।
10. इस योजनान्तर्गत पुरस्कार प्राप्त लेखक 5 (पांच) वर्ष के पश्चात् ही पुरस्कार हेतु पुनः आवेदन कर सकेंगे।
11. समिति के समक्ष पुरस्कार हेतु प्रस्तुत कृति 2 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होगी। उदाहरणार्थ वर्ष 2024 में उन कृतियों पर ही विचार किया जावेगा जो वर्ष 2022 में या इसके बाद की प्रकाशित हों।
12. आई.एस.बी.एन. पंजीकृत पुस्तकों पर ही विचार किया जायेगा।
13. निर्धारित तिथि **(30 जुलाई, 2024)** के पश्चात् प्राप्त कृतियों पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।



पता :– डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर
दूरभाष नम्बर – 0141–2703387 (फैक्स), 2703390
ई–मेल आई. डी. directorlibraries@gmail.com